भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3909
18.12.2024 को उत्तर देने के लिए

पीएलएफएस में डेटा संग्रह में सुधार

3909. श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

कंप्यूटर असिस्टेड पर्सनल इंटरव्यूइंग (सीएपीआई) के उपयोग जैसी प्रोद्योगिकीय प्रगति का ब्यौरा क्या है, जिसे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में डेटा संग्रह में सुधार करने के लिए लागू किया गया है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

प्रणालीगत सुधार और प्रोद्यौगिकीय प्रगति के संबंध में, बेहतर आंकड़ा कैप्चरिंग और प्रसंस्करण के लिए आधुनिक आईटी उपकरण अपनाए जा रहे हैं। इसके एक भाग के रूप में, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के पीएलएफएस सहित सभी सर्वेक्षण, आंकड़ा संग्रह के स्तर पर स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अंतर्निहित सत्यापन तंत्र के साथ कंप्यूटर असिस्टेड पर्सनल इंटरव्यूइंग (सीएपीआई) का उपयोग करके किए जा रहे हैं। यह हस्त चालित उपकरणों के माध्यम से वास्तविक समय में आंकड़ा प्रविष्टि और सत्यापन को सक्षम करके आंकड़ा संग्रहण की दक्षता को बढ़ाता है, जिससे मैन्युअल त्रुटियों में काफी कमी आती है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण आंकड़ा को वास्तविक समय पर प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे समय पर और सटीक आंकड़ा संचरण सुनिश्चित होता है। इससे एक साथ डेटा प्रोसेसिंग की सुविधा मिलती है और इसके परिणामस्वरूप पीएलएफएस की रिपोर्ट जारी करने में लगने वाले समय में भारी कमी आई है। तिमाही बुलेटिन क्षेत्र कार्य पूरा होने के 45 दिनों के भीतर जारी किए जा रहे हैं और वार्षिक रिपोर्ट, 2023-24 क्षेत्र कार्य पूरा होने के 90 दिनों के भीतर जारी की गई है।

*****